an>

Title: Situation arising out of incidents of loot and murder in Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : मेरा संसदीय क्षेत्र जो कि विश्वप्रसिद्ध है, जहां मां सुंदरी मंदिर भी है और दारूल-उलुम भी है। यहां हाल ही में 13 तारीख को एक सर्राफा व्यापारी श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग को उनके ही प्रतिष्ठान पर सुबह के टाइम, जब बाजार भरा हुआ था, छः बदमाश वहां पहुंचे, उनको गोली से उड़ाया, लूट की और फायरिंग करते हुए वहां से निकल गए। जिस प्रकार की घटनाएं रोज़ उत्तर प्रदेश में हो रही हैं, सहारनपुर में हो रही हैं और विशेष रूप से देवबंद में हो रही हैं। कल रात वहां एक मर्डर और हो गया है। 13 तारीख की घटना के बाद एसएसपी ने वहां के कोतवाल को सस्पैंड कर दिया। क्या कोतवाल को सस्पैंड करने से उनके परिवार को न्याय मिल जाएगा, जिन्होंने अपने को खोया है?

मेरी आपके माध्यम से यह मांग है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि शायद अब वहां राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहए। साथ ही साथ मैं यह भी मांग करता हूं कि सुरेन्द्र कुमार गर्ग जी की जो निमर्म हत्या हुई है, बहुत ही दर्दनाक हत्या की गयी है, इसकी सीबीआई जांच करवायी जाए।